प्रेषक

निदेशक उच्चतर शिक्षा, हरियाणा,
शिक्षा सदन, सैक्टर–5, पंचकूला।

सेवा में

कुलपति /प्राचार्य,
1. राज्य में स्थित सभी राजकीय /अराजकीय विश्वविद्यालय।
2. राज्य में स्थित सभी राजकीय महाविद्यालय
3. राज्य में स्थित सभी अराजकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय।
4. राज्य में स्थित सभी स्व वित्त पोषित महाविद्यालय।

यादि क्रमांक DHE-010009/25/2021-Coordination-DHE
दिनांक, पंचकूला 21-07-2022

विषय : **माननीय मुख्यमंत्री महोदय की अध्यक्षता में 16 जुलाई, 2022 को सन्त कबीर कुटीर (मुख्यमंत्री निवास) चण्डीगढ़ में आजादी का अमृत महोत्सव के अर्न्तगत 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम मनाने से सम्बन्धित बैठक की कार्यवाही रिपोर्ट।**

......

उपरोक्त विषय के संदर्भ में।

विषयांकित मामले में 16 जुलाई, 2022 को सन्त कबीर कुटीर (मुख्यमंत्री निवास) चण्डीगढ़ में आजादी का अमृत महोत्सव के अर्न्तगत 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम मनाने से सम्बन्धित बैठक की कार्यवाही रिपोर्ट अनुसार माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा नि0लि0 निर्देश दिये गये हैः–

1. नागरिक अपनी जेबों पर तिरंगे की छोटी झण्डी भी लगा सकते है। हर गैर सरकारी गाडी पर तिरंगा लगाया जाना चाहिए।
2. 13 से 15 अगस्त 2022 तक 'हर घर तिरंगा' अभियान को राष्ट्रीय उत्सव की तरह मानाया जाए ताकि देशविरोधी गतिविधियाँ चलाने वाले असामाजिक तत्त्वो को भी एक संदेश जाए कि भारत एक अखण्ड राष्ट्र है और देशभक्ति से ओत–प्रोत है।
3. हर भवन पर तिरंगा फहराया जाए। हर सरकारी भवन पर तिरंगा पहले से ही होता है फिर भी अगर किसी सरकारी भवन पर तिरंगा नहीं फहराया जा रहा है तो उस भवन पर तिरंगा अवश्य फहराया जा रहा है तो उस भवन पर तिरंगा अवश्य फहराया जाए और यह तिरंगा खादी का बना होना चाहिए।
4. भारत सरकार द्वारा तिरंगें को तैयार करने हेतू सामग्री मे लचीलापन–पॉलिस्टर, कपास, ऊन, रेशम और खादी बंटिंग सामग्री की अनुमति दे दी गई है। तिरंगे का आकारः लंबाई से ऊंचाई (चौडाई) 3:2 का अनुपात बनाए रखा जाना है इसलिए कोई आकार प्रतिबंध नहीं है। हाथ से बने झंडो के अलावा मशीन से बने झंडो की भी अनुमति है।
5. सभी संस्थाओं में तिरंगा विषय पर चर्चा–परिचर्चा की जाए।
6. विद्यार्थियों द्वारा तिरंगा यात्राएं निकाली जाए और बड़े विद्यार्थियों को अपने घरों में तिरंगा लगाने की प्रेरणा दी जाए।

7. देशभक्ति से परिपूर्ण कार्यक्रम, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं, गीत, भजन, ड्रामा स्किट और ज्यादा से ज्यादा तिरंगा सभाए करवाई जाए।

8. 'हर घर तिरंगा' अभियान के साथ सभी संस्थाओं में विद्यार्थियों की कमीज पर पिन, तिरंगा या कागज का तिरंगा जो स्टीकर के रूप में हो लगवाया जाए।

9. सभी संस्थाओं द्वारा सोशल मीडिया पर #harghartiranga के साथ फोटो शेयर की जाए जिस पर जिला एवं संस्था का नाम हो तथा इस फोटो को amrit mahotsav के साथ भी टैग किया जाए।

10. सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति, युवाओं की सहभागिता से ऐसा कार्यक्रम बनाए ताकि वह 13 से 15 अगस्त तक घर–घर जाकर देश भक्ति की भावना को पैदा कर तिरंगा फहराए।

11. सभी सरकारी और सहायता प्राप्त विश्वविद्यालयों द्वारा विश्वविद्यालयों में कार्यरत शिक्षण और गैर–शिक्षण अधिकारियों / कर्मचारियों को निर्देश दिए जाए कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी तिरंगा खरीदकर 13 से 15 अगस्त 2022 तक अपने–अपने घरों पर तिरंगा फहराए जिससे राज्य के लगभग एक लाख घर कवर हो जाएंगे।

आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त अंकित बिंदुओं पर कार्यवाही करते हुए कार्यवाही रिपोर्ट इस विभाग को 18 अगस्त, 2022 तक विभाग को नि0लिख0 आई0डी0 पर भेजने का कष्ट करे।

Email : hechrycoordination@gmail.com

अधीक्षक तालमेल
कृते: निदेशक उच्चतर शिक्षा, हरियाणा,
पंचकूला।

पृष्ठांकन क्रमांक :सम पंचकूला दिनांक

उपरोक्त की एक प्रति नि0लि0 को सूचनार्थ /आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतू भेजी जाती है:–

1. पी0ए / डी0एच0ई
2. पी0ए0 / जे0डी0ए0
3. सहायक निदेशक प्रशासन
4. रजिस्ट्रार शिक्षा (उच्चतर) / केयर टेकर

Sd/–
अधीक्षक तालमेल
कृते: निदेशक उच्चतर शिक्षा, हरियाणा,
पंचकूला।